दिन—सोमवार दिनांक— 06 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधि— 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय सीट के लिए कल होगा मतदान। सभी तैयारियां पूरी।

02. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान जोर—शोर से जारी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के सरायरंजन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

03. आम चुनाव के सातवें और आखिरी चरण की अधिसूचना कल होगी जारी। पटना साहिब और पाटलिपुत्र समेत राज्य के आठ लोकसभा क्षेत्रों में एक जून को होगा मतदान।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, सुपौल, और मधेपुरा समेत उत्तर बिहार के नौ जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। दक्षिण बिहार के विभिन्न भागों में लू का अलर्ट।

---

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत कल राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों— झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में मतदान होगा। इस चरण में तीन महिलाओं समेत चौवन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है। सुपौल में पन्द्रह, खगड़िया में बारह, झंझारपुर में दस, अररिया में नौ और मधेपुरा में आठ उम्मीदवार हैं। तीसरे चरण में अंठानवे लाख साठ हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पहली बार मतदान करने वालों की संख्या लगभग एक लाख पैंतालीस हजार है। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक रहेगा। हालांकि मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के एक सौ सात और खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के साठ मतदान केन्द्रों पर शाम चार बजे तक मतदान होगा।

---

तीसरे चरण के पांच संसदीय क्षेत्रों में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच ही है। झंझारपुर में जदयू के निवर्तमान सांसद रामप्रीत मंडल और वीआईपी के सुमन कुमार महासेठ के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। सुपौल संसदीय सीट पर जदयू के निवर्तमान सांसद दिलेश्वर कामैत का मुकाबला राजद के चन्द्रहास चौपाल से है। वहीं, मधेपुरा निर्वाचन क्षेत्र में जदयू के दिनेश चन्द्र यादव के

सामने राजद के प्रोफेसर चन्द्र दीप हैं। खगड़िया सीट पर सीपीएम के सजय कुमार के सामने लोजपा, रामविलास के राजेश वर्मा अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं। इधर, अररिया संसदीय क्षेत्र में एनडीए की ओर से भाजपा के निवर्तमान सांसद प्रदीप सिंह और इंडी गठबंधन से राजद के शाहनवाज आलम चुनावी मैदान में हैं।

---

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान कोसी प्रमंडल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। कोसी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मतदान से पहले भारत–नेपाल सीमा को सील कर दिया गया है। श्री कुमार ने बताया कि इस दौरान सहरसा, दरभंगा और नवगछिया से लगी सीमा भी सील रहेगी। साथ ही मतदान के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए अस्सी प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर पारा मिलिट्री फोर्स के जवानों को तैनात किया जा रहा है। डीआईजी ने बताया कि आपात स्थिति से निपटने के लिए वीरपुर में एक हेलीकॉप्टर को तैनात किया गया है। वहीं, सहरसा, सुपौल तथा मधेपुरा के दियारा इलाकों में घुड़सवार दस्ते को तैनात किया जा रहा है। नदियों में नाव से गश्ती की व्यवस्था भी की गयी है। इधर, अररिया और आस–पास के क्षेत्रों से लगी भारत–नेपाल सीमा भी सील कर दी गयी है। गौरतलब है कि तीसरे चरण के चुनाव के तहत आने वाली तीन लोकसभा क्षेत्रों में झंझारपुर, अररिया और सुपौल जिले की सीमाएं नेपाल से लगती हैं। इधर, झंझारपुर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत – नेपाल रेल सेवा के अंतर्गत भंगहा–जनकपुर–जयनगर रेलखंड पर सात मई तक रेलगाड़ियों का परिचालन बन्द रहेगा।

---

लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी है। राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए जनसभाएं, रोड शो और जनसंपर्क कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के सरायरंजन में भाजपा प्रत्याशी और निवर्तमान सांसद नित्यानंद राय के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। वहीं, जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के पक्ष में पंडारक के सिलदही में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री कुमार आज ही दरभंगा के

तारडीह के पोखरभंडा में एनडीए प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी आज सारण और सीवान लोकसभा क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बारह मई को पटना में रोड—शो का कार्यक्रम है। यह रोड—शो आयकर गोलम्बर से शुरू होकर कदमकुंआ में समाप्त होगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी तेरह मई को राज्य के तीन लोकसभा क्षेत्रों— हाजीपुर, वैशाली और सारण में चुनावी सभाओं को भी संबोधित करेंगे।

---

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए नाम वापसी का आज आखिरी दिन है। इस चरण के तहत कुल एक सौ तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद बयासी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इनमें सबसे अधिक छब्बीस उम्मीदवार मुजफ्फरपुर में हैं। वहीं, सारण और सीतामढ़ी से पंद्रह—पंद्रह, हाजीपुर में चौदह और मधुबनी में बारह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र जांच में सही पाये गये हैं।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों— वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में नामांकन प्रक्रिया आज समाप्त हो जायेगी। इन लोकसभा क्षेत्रों से अब तक कुल अठ्हत्तर उम्मीदवारों ने पर्चे भरे हैं। इनमें महाराजगंज से भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, गोपालगंज से जदयू प्रत्याशी आलोक कुमार सुमन, सीवान से जदयू की विज्यालक्ष्मी देवी और हाजीपुर से चिराग पासवान प्रमुख उम्मीदवार हैं। वहीं, गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन से वीआईपी प्रत्याशी प्रेमनाथ चंचल, शिवहर से राजद की रितु जायसवाल और पश्चिम चंपारण से कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। अभ्यर्थी नौ मई तक नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के लिए पच्चीस मई को मतदान होगा।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण की अधिसूचना कल जारी होगी। इस चरण में बिहार समेत सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की सत्तावन लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इनमें प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों– नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद शामिल हैं। उम्मीदवार इस महीने की चौदह तारीख तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। सत्रह मई तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। इस चरण के लिए एक जून को मतदान होगा।

---

भोजपुर जिले के अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के लिए होने वाले उपचुनाव में जदयू ने पूर्व विधायक प्रभुनाथ प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कल पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री प्रसाद को पार्टी सिम्बल प्रदान किया। गौरतलब है कि इस विधानसभा क्षेत्र से माले विधायक मनोज मंजिल को न्यायालय ने हत्या के एक मामले में दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। जिसके बाद यह सीट खाली हो गयी है। महागठबंधन ने इस सीट पर भाकपा माले के शिव प्रकाश रंजन को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर एक जून को मतदान कराया जायेगा।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात हाजीपुर लोकसभा सीट की। हाजीपुर बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां पांचवें चरण में बीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

लोकतंत्र की जननी कहे जाने वाले वैशाली जिले का हाजीपुर संसदीय क्षेत्र राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। वर्ष उन्नीस सौ सतहत्तर में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने के बाद से इस सीट पर रामविलास पासवान और उनके परिवार का प्रभुत्व रहा। श्री पासवान इस सीट पर आठ बार निर्वाचित हुए। वहीं, उनके भाई पशुपति कुमार पारस को पिछले लोकसभा चुनाव में इस सीट पर जीत मिली थी। लोक जनशक्ति पार्टी में टूट के बाद हाजीपुर सीट लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के खाते में आई। यहां से इस बार चिराग पासवान अपने पिता की विरासत को बचाने के लिए चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने हैं राजद के शिवचंद्र राम। मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। विधानसभावार स्थिति देखें तो इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छह विधानसभा क्षेत्रों में से दो पर एनडीए और चार पर इंडी गठबंधन का कब्जा है। हाजीपुर और लालगंज विधानसभा क्षेत्र भाजपा के कब्जे में है। वहीं, महुआ, राघोपुर और महनार राजद तथा राजापाकर सीट पर कांग्रेस के विधायक हैं। बिहार की औद्योगिक राजधानी कहे जाने वाले हाजीपुर में आज भी विकास प्रमुख चुनावी मुद्दा है। एनडीए गठबंधन से लोजपा, रामविलास के उम्मीदवार चिराग पासवान जहां केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं वहीं, इंडी गठबंधन से राजद उम्मीदवार स्थानीय मुद्दों को लेकर मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए हाजीपुर से मनोज कुमार सिंह।

---

नीट यूजी–दो हजार चौबीस के प्रश्न पत्र लीक मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया

कि मामले में पांच संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। श्री मिश्रा ने बताया कि मामले में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

---

मौसम विभाग ने आज उत्तर बिहार के अधिकांश हिस्सों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार इस दौरान पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, सारण, वैशाली, सुपौल, अररिया किशनगंज और मधेपुरा सहित आस–पास के जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते राज्य में बारिश की परिस्थितियां बन रही है।

–––बाईट–––

इधर, मौसम विभाग ने आज दक्षिण बिहार के शेखपुरा, बक्सर, नवादा, रोहतास, औरंगाबद और कैमूर जिले में कुछ स्थानों पर लू को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

मुंगेर जिले के कुख्यात अपराधियों की सूची में शामिल पच्चीस हजार रूपये का ईनामी, बरियारपुर थाना क्षेत्र के पड़िया गांव का रहने वाला मुकेश कुमार उर्फ दुलो मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के सफियासराय थाना क्षेत्र के परहम पंचायत में पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण प्रचार समाप्त होने से बड़ी खबर को बड़ी खबर बनाया है– अखबार लिखता है– शोर थमने से पहले लगाया जोर।

**दैनिक जागरण** ने जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– पार्टी में भीतरघात करने वालों से चुनाव बाद मुक्ति लेंगे।

**दैनिक भास्कर** ने दो चरणों में मतदान प्रतिशत कम होने की खबर पर लिखा है– आयोग खोज रहा कम वोटिंग का कारण, विशेषज्ञ कह रहे वोट का मौसम बदलो, त्योहारों जैसा पर्व मनाओ तो लोग निकलेंगे।

**प्रभात खबर** की नीट–यूजी की परीक्षा पर खबर है– बोर्ड कॉलोनी में परीक्षा देकर बाहर आते ही सॉल्वर को पुलिस ने पकड़ा।

**आज** अखबार की सुर्खी है– नीतीश–राबड़ी समेत नवनिर्वाचित एमएलसी कल लेंगे शपथ। एक अन्य खबर पर अखबार लिखता है– शिक्षा विभाग की बैठक में आज आयेंगे सभी कुलपति।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय सीट के लिए कल होगा मतदान। सभी तैयारियां पूरी।
02. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के सरायरंजन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।
03. आम चुनाव के सातवें और आखिरी चरण की अधिसूचना कल होगी जारी। पटना साहिब और पाटलिपुत्र समेत राज्य के आठ लोकसभा क्षेत्रों में एक जून को होगा मतदान।
04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, सुपौल, और मधेपुरा समेत उत्तर बिहार के नौ जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। दक्षिण बिहार के विभिन्न भागों में लू का अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।